No. of Printed Pages : 4

ई.एच.डी.-7

04025

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2010

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-7 : हिन्दी भाषा की संरचना

समय : 3 घण्टे

अधिकतम अंक : 100
(कुल का 70%)

नोट : *खण्ड 'क' में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। खण्ड 'ख' अनिवार्य है।*

खण्ड - क **4x15=60**

1. हिंदी में व्यंजन द्वित्व तथा संयुक्त व्यंजनों की प्रकृति समझाते हुए इन दोनों के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

2. 'शब्द' के संदर्भ में 'रूप' तथा 'रूपिम' का आशय समझाइए और रूपिम निर्धारण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।

3. 'पदबंध' की संकल्पना को उदाहरण सहित समझाते हुए पदबंधों की अंत:केन्द्रित तथा बहिर्केन्द्रित रचनाओं का अंतर स्पष्ट कीजिए।

4. संज्ञा उपवाक्य की संरचना का विश्लेषण करते हुए इसके प्रकार्यों पर प्रकाश डालिए।

5. पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण की प्रक्रिया को उदाहरण सहित समझाइए।

6. 'मुहावरा' किसे कहते हैं? इसके प्रमुख अभिलक्षणों पर प्रकाश डालते हुए हिंदी के मुहावरों का वर्गीकरण कीजिए।

7. हिंदी भाषी क्षेत्र के सामाजिक परिवेश का हिंदी की संबोधन शब्दावली पर क्या प्रभाव पड़ा है? उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

8. देवनागरी लिपि को किन आधारों पर अधिक वैज्ञानिक माना जाता है?

खण्ड – ख

9. उपयुक्त उदाहरण देते हुए ***किन्हीं चार*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 4x5=20

(i) हिंदी में संयुक्त ध्वनियाँ तथा उनका लेखन

(ii) 'शब्द' तथा 'पद' का अंतर

(iii) क्रिया पदबंध

(iv) अकर्तृवाच्य

(v) रचना के आधार पर शब्दों का वर्गीकरण

(vi) भाषा क्षमता तथा भाषा व्यवहार

(vii) दक्षिण भारत की लिपियाँ

10. उपयुक्त शब्द चुनकर वाक्यपूर्ति कीजिए : 5x2=10

(क) 'न्ह', 'म्ह' तथा 'ल्ह' क्रमश: 'न', 'म' तथा 'ल' की __________ ध्वनियाँ है। (अल्पप्राण / महाप्राण)

(ख) 'राजा' शब्द का विकारी एकवचन रूप __________ होगा। (राजा / राजे / राजाओं)

(ग) आज्ञार्थक वाक्य में __________ का लोप होता है। (उद्देश्य / विधेय / क्रिया)

(घ) किसी संदर्भ में वक्ता के स्वयं अपने से बात करने को __________ कहते हैं। (संलाप / एकालाप)

(ङ) काव्यशास्त्र के संदर्भ में 'रस' __________ शब्द है। (सामान्य / अर्ध–पारिभाषिक / पारिभाषिक)

11. कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार वाक्यों को बदलकर लिखिए : 5x2=10

(क) (i) धोनी ने अभ्यास मैच में शतक बनाया।

(ii) धोनी ने एक दिवसीय मैच में सत्तर रन बनाए।

(दोनों वाक्यों को मिलाकर एक सरल वाक्य बनाइए)

(ख) मीना महाराजिन से मिठाई बनवा रही है।

(प्रेरणार्थक वाक्य को सामान्य वाक्य में बदलिए)

(ग) आम चुरानेवाले बच्चों ने जब माली को आते देखा तो वे बड़ी-तेज़ी से भागे। (रेखांकित वाक्यांश के स्थान पर मुहावरे का प्रयोग कीजिए)

(घ) तुम भोजन कर लो। (आदर सूचक वाक्य में बदलिए)

(ङ) राम ने अब घर जाना है। (वाक्य को शुद्ध करके लिखिए)